पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ

प्रेस विज्ञप्ति

विभिन्न थाना क्षेत्रों से वांछित में कुल 04 अभियुक्त गिरफ्तार।

दिनांक- 23.07.2024

दिनांक 22/23.07.2024 को थाना अलीगंज 01, गाजीपुर 01, महिगवां 02 अभियुक्त गिरफ्तार। इस प्रकार वांछित में कुल 04 अभियुक्त गिरफ्तार।

बी0एन0एस0

थाना विभूतिखण्ड- दिनांक 23.07.2024 को थाना विभूतिखण्ड द्वारा बताया गया कि वादी श्री संजीव कुमार पुत्र श्री आशाराम निवासी नई बस्ती कृष्णा नगर थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी ने थाना विभूतिखण्ड पर सूचना दिया कि वादी दिनांक 22/07/2024 को हजरतगंज से हाईकोर्ट होते हुए अपनी गाड़ी ईको सपोर्ट UP32FL0845 से बाराबंकी जा रहा था कमता चौराहे पर रेड लाईट कि वजह से अपनी गाड़ी खड़ी किये हुए था तभी समय करीब 8:30 बजे एक व्यक्ति वादी की साइड में आकर शीशा खोलने को कहा जैसे ही वादी ने गाड़ी का शीशा खोला वैसे उसने कहा कि मेरे पैर पर गाड़ी चढा दिया है तभी दूसरा व्यक्ति दूसरे दरवाजे पर शीशा खोलने को कहा जब वादी दूसरे व्यक्ति से बात करने लगा तभी पीछे से दो व्यक्ति शीशा ठोकने लगे। जब वादी का दिमाग पीछे की तरफ गया तभी आगे खड़े बायें तरफ का आदमी गाडी में रखा वादी का पर्स व दो फोन जिन पर एक फोन वन प्लस न0 9807262904 व दूसरा फोन सैमसंग 2 फोल्ट4 न0 9452507246 व पर्स में 7000/- रुपये, वादी का आधार कार्ड, पैन कार्ड व बैंक ऑफ बैड़ौदा का एटीएम व सोने की चेन ले कर भाग गये जब तक वादी कुछ समझ पाता, चारों आदमी भाग गये। **इस सूचना पर थाना विभूतिखण्ड पर मु0अ0सं0 245/2024 धारा 303(2)/318(4) बी0एन0एस0 पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना बीबीडी- दिनांक 23.07.2024 को थाना बीबीडी द्वारा बताया गया कि आगतुका श्री अनिल पुत्र राजेश निवासी ग्राम दुधरा थाना बीबीडी लखनऊ ने थाना बीबीडी पर सूचना दिया कि उसकी शादी वर्ष 2019 में पूजा पुत्री सहज राम निवासी ग्राम सिकन्दरपुर आमोलिया थाना गोसाईंगंज लखनऊ से हुई थी। दिनांक 22.07.2024 को वह अपने काम पर गया था तो पूजा उम्र करीब 30 वर्ष ने घर पर छत के कुंडे से गमछे का फंदा से लटककर आत्महत्या कर ली। **इस सूचना पर थाना बीबीडी द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** थाना प्रभारी बीबीडी द्वारा बताया गया कि मृतका के पति ऑमेजन में डिलवरी का काम करते है।

थाना गाजीपुर- दिनांक 23.07.2024 को थाना गाजीपुर द्वारा बताया गया कि वादी श्री अनिल कुमार यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव निवासी 63/9/ए शक्ति विहार पटेल नगर इन्दिरानगर थाना गाजीपुर लखनऊ ने थाना गाजीपुर पर सूचना दिया कि दिनांक 09/07/2024 को वादी के मोबाईल फोन पर एक मैसेज न0- 9441345742 से आया। जिसमें ये कहा गया कि वादी को रिवार्ड प्वांइट मिल रहा है, वादी ने उस लिंक पर क्लिक किया तो वादी के खाते से 49,000/-रू0, PNB बैंक खाता संख्या 21580002066805 खाता धारक आषिस दहाते के खाते में चले गये। **इस सूचना पर थाना गाजीपुर पर मु0अ0सं0 306/2024 धारा 318(4) बी0एन0एस0 पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

थाना विभूतिखण्ड- दिनांक 23.07.2024 को थाना विभूतिखण्ड द्वारा बताया गया कि डॉ0 राम मनोहर लोहिया अस्पताल से थाना स्थानीय पर एक किता मेमो इस आशय से दाखिल किया गया कि दिनांक 23.07.2024 को समय करीब 03.31 बजे सुबह पिंटू यादव पुत्र उम्र करीब 44 वर्ष स्व0 शंभू यादव निवासी मेंहदीखेड़ा थाना मानकनगर लखनऊ को विषाक्त अवस्था में घटनास्थल मेंहदीखेड़ा थाना मानकनगर लखनऊ से इलाज हेतु इस अस्पताल में लाया जहां इलाज के दौरान दिनांक 23.07.2024 को समय करीब 05.37 बजे सुबह पिंटू यादव उपरोक्त की मृत्यु हो गई। **इस सूचना पर उ0नि0 श्री मनीष कुशवाहा मो0नं0- 6394781114 द्वारा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।** जिनके द्वारा बताया गया कि मृतक पिंटू यादव उपरोक्त मानसिक रूप से अस्वस्थ था जिसका इलाज भी चलता था।